दिनांक : 27.05.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को करेंगे दतिया और सतना हवाईअड्डों का लोकार्पण, इंदौर मेट्रो का शुभारम्भ भी होगा।
- वित्तीय अधिकार पुस्तिका का अनुमोदन, विभागों को मिलेगा 80 प्रतिशत मेडिकल एडवांस देने का अधिकार।
- आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़कर 15 सितंबर हुई।
- प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी, भोपाल-इंदौर समेत कई जिलों में हुई बारिश ।

अब समाचार विस्तार से—

**प्रधानमंत्री दौरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं. इस दौरान वे महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित करने के अलावा कई सौगात भी देंगे. आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद नगरीय विकास और आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि श्री मोदी भोपाल से वर्चुअल रूप से दतिया और सतना में नव निर्मित एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे।

प्रधानमंत्री उज्जैन में सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के अंतर्गत नमामि क्षिप्रे परियोजना के तहत करीब 779 करोड़ रुपए की लागत वाले घाट निर्माण एवं अन्य कार्यों का वर्चुअल भूमि-पूजन करेंगे। ये निर्माण कार्य धार, उज्जैन, इंदौर और देवास जिले के हैं।

**अनुमोदित वित्तीय अधिकार**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रि-परिषद की बैठक में वित्तीय अधिकार पुस्तिका 2025, भाग-1 का अनुमोदन किया गया। इसके

फलस्वरूप 80 प्रतिशत मेडिकल एडवांस देने का अधिकार विभाग को होगा. वहीँ, वित्त विभाग को लिपिकीय त्रुटियों को सुधारने और भावी आवश्यकताओं के अनुसार संशोधन करने की अनुमति दी गई है। साथ ही, हिन्दी अनुवाद जारी करने की भी अनुमति दी गई है। अनुमोदित वित्तीय अधिकार 1 जुलाई से लागू होंगे। यह शासकीय कार्यों में इज ऑफ डूइंग बिजनेस लाने का प्रयास हैं।

**मुख्यमंत्री रिक्त पद**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कर्मचारी हित में लिये जा रहे निर्णयों पर आज मंत्रालय परिसर, भोपाल में मंत्रालयीन कर्मचारी संगठनों द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि राज्यकर्मी शासन व्यवस्था का अभिन्न अंग हैं, इसलिए इनके हित संवर्धन के लिए सरकार कोई कसर नहीं रखेगी।

**वैज्ञानिक परीक्षण**

किसानों की सहायता और कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए केंद्र सरकार ने नयी पहल की है. इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में चार-चार कृषि वैज्ञानिक भेजे जा रहे हैं । ये वैज्ञानिक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर के माध्यम से आएंगे। वैज्ञानिक जिले का मौसम, जिले में कौन सी फसल अनुकूल है, इसे लेकर किसानों से चर्चा करेंगे। इसके बाद प्रशासन को रिपोर्ट देंगे। साथ ही पानी की उपलब्धता और मिट्टी की गुणवत्ता का परीक्षण कर उन्नत कृषि की सलाह देंगे।

**चौहान पदयात्रा**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की दो दिवसीय विकसित भारत संकल्प पदयात्रा का समापन कल सीहोर जिले के भेरूंदा में हुआ उन्होंने बीजला गांव में गंगा जल संवर्धन योजना में गांव के तालाब के गहरीकरण कार्य में हाथ बंटाया. इस अवसर पर अलग अलग योजनाओं के पात्र हितग्राहियों से श्री चौहान ने जनसंवाद कर उनके अनुभव जाने.

## नयी शिक्षा नीति

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए देश में भविष्य की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में एक मीडिया नेटवर्क के शिक्षा सम्मेलन में श्री प्रधान ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक दूरदर्शी □ांचे के रूप में उभरी है, जो भारत में सीखने के भविष्य को आकार दे रही है।

## **आईटीआर-अंतिम तिथि**

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड- सीबीडीटी ने इस साल आयकर रिटर्न-आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि इस विस्तार से आईटीआर फॉर्म में महत्वपूर्ण संशोधन, सिस्टम डेवलपमेंट की जरूरतों और टीडीएस क्रेडिट रिफ्लेक्शन के कारण लोगों को अधिक समय मिलेगा। इससे सभी के लिए एक सहज और अधिक सटीक फाइलिंग सुनिश्चित होगा। इस विस्तार से हितधारकों द्वारा उठाई गई चिंताओं का समाधान होगा।

## **अहिल्याबाई होल्कर जयंती कार्यक्रम**

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर 31 मई तक प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। सृजनशील लाड़ली के तहत नवाचार, उद्यमिता एवं नेतृत्व दिवस मनाकर बैतूल में कल राज्य स्तरीय महिला उद्यमिता मेले का आयोजन किया जाएगा। 29 मई को आरोग्यमयी नारी के तहत छतरपुर में महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा । 30 मई को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विशेष महिला स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन प्रदेश की प्रमुख महिला खिलाड़ियों एवं युवतियों से संवाद के साथ महिला बाईक रैली आयोजित की जाएगी। 31 मई को भोपाल के जम्बूरी मैदान में लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस महासम्मेलन में करीब 2 लाख महिलाएं शामिल होंगी।

**मौसम**

प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी है। आज भी भोपाल-इंदौर-उज्जैन समेत कई जिलों में बारिश हो रही है। भोपाल में शाम 4 बजे से बूंदाबांदी शुरू हुई। थोड़ी देर बार कई इलाकों में बारिश तेज हो गई। कई इलाकों में आंधी के साथ बिजली भी चमक रही है। देवास में सुबह से कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश हो रही है। बैतूल के मुलताई, छिंदवाड़ा और राजगढ़ के ब्यावरा में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने अभी चार दिनों तक मौसम इसी तरह बना रहने की सम्भावना व्यक्त की है.

एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप

भारत के गुलवीर सिंह ने दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की दस हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीत लिया है। गुलवीर ने 28 मिनट 38 दशमलव छह-तीन सेकंड का समय लेकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इससे पहले, सर्विन सेबेस्टियन ने चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में भारत का खाता खोला था।

**समाचार संक्षेप में...**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कल देवास जिले के हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे । मुख्यमंत्री यहाँ 247 करोड़ की पेयजल योजना का शुभारंभ करेंगे । इस दौरान तिरंगा यात्रा एवं कलश यात्रा भी निकाली जाएगी।

सिंगरौली में आज विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने चाचा नेहरू पार्क में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया. उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व की पूरी दुनिया प्रशंसा करती है.

रायसेन के बाड़ी विकासखण्ड में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित नर्मदा पथ सर्वेक्षण जन जागरण यात्रा ग्राम मोतालसर, सेमरी घाट, वागलवाड़ा, सतरावन और डूमर घाट पिपरिया में पहुंची।

शहडोल जिले में पुलिस विभाग द्वारा प्रत्येक गांव में ग्राम सोशल मीडिया ग्रुप बनाया गया है। इस ग्रुप के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाती है और लोगों की शिकायतें सुनी जाती हैं।

बैतूल जिले के आमला रेलवे स्टेशन पर नागपुर रेल मंडल द्वारा एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ और नारी तू नारायणी विषय पर आधारित था।

6. शिवपुरी शहर के कठमई बस्ती चौराहे में आज जिला प्रशासन के संयुक्त दल ने सरकारी जमीन पर बनी 20 से ज्यादा गुमटियां, स्टॉल और अन्य अतिक्रमण हटाए ।

नीमच में कलेक्टर ने आज जनसुनवाई करते हुए 116 आवेदकों की सुनी समस्याएं और निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

खंडवा शहर के भवानी माता रोड़ स्थित शनि मंदिर में धार्मिक उत्साह के साथ शनि जन्मोत्सव मनाया गया।

शहडोल जिले के गिरईखुई गांव में एक घर से 38 क्विंटल गांजा बरामद किया गया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 3 करोड़ 60 लाख रुपए है।

-----------------